# भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

गंगापुर सिटी , जिला –सवाई माधोपुर , राजस्थान

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

Internal Quality Assurance Cell, IQAC

सत्र 2021–22

आज दिनांक 28.06.2021 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक IQAC कक्ष में प्रातः 10 बजे आयोजित हुई।

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे –

| नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|
| 1. डॉ. कृष्ण कान्त शर्मा | |
| 2. डॉ. अनुज कुमार शर्मा | |
| 3. श्री केशव लाल गुप्ता | |
| 4. श्री विजय राज त्रिवेदी | |
| 5. श्रीमति मनीषा श्रीवास्तव | |
| 6. सुश्री मोना मथुरिया | |
| 7. डॉ. अनिल कुमार शर्मा | |
| 8. श्री दिनेश कुमार सिंघल | |
| 9. डॉ. स्मिता भटनागर | |
| 10. श्री राकेश व्यास | |
| 11. श्री मोहित पाराशर | |

बैठक में सर्व सम्मति से कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए निम्न कार्यो से सम्बन्धित निर्णय लिए गए –

1. एम.एड., बी.एड., बी.ए.बी.एड., बी.एससी.बी.एड. तथा डी.एल.एड. कोर्स में प्रवेश लेने वाले नये छात्र–छात्राओं के लिए ओरियन्टेशन कार्यक्रम आयोजित किया जावें।
2. सभी छात्र छात्राओं के लिए ICT की कार्यशाला का आयोजन किया जावें।

3. महाविद्यालय में कोविड गाइड लाइन का पालन करते हुए ऑपन एयर सेशन, हाउस टूर्नामेन्ट तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जावें।
4. शिक्षकों की व्यवसायिक अभिक्षमता में अभिवृद्वि हेतु कार्यशाला/अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जाये।
5. प्रशिक्षणार्थियों में चारित्रिक एवं मानवीय गुणों के विकास हेतु उत्सव एवं जयन्तियों का आयोजन किया जावें।
6. सामाजिक कार्यक्रम यथा मास्क निर्माण एवं वितरण, वृक्षारोपण, पर्यावरण उन्नयन, साक्षरता से सम्बन्धित रैली, कैम्प, अतिथि व्याख्यान आदि का आयोजन किया जावें।
7. पूर्व वर्ष की भांति महाविद्यालय के प्रवक्ताओं के द्वारा चिन्हित स्लो लर्नर के लिए उपचारात्मक कक्षाओं का आयोजन किया जावें।
8. राज्य सरकार के द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महाविद्यालय में प्रतियोगी कक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाये जिससे छात्र–छात्राएं अधिकाधिक लाभान्वित हो जावें।
9. महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी, वेबीनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जावें।
10. छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु महाविद्यालय में सम्प्रेषण कौशल, मेडिटेशन, उपभोक्ता जागरूकता, मानवाधिकारों की जानकारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति जैसे सामाजिक व नागरिक कार्यकम आयोजित किये जावें।
11. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बेहतर सहायता के लिए मेन्टरिंग व्यवस्था की जावें।
12. Redressal -Grievance Cell द्वारा 7 कार्य दिवसों के अन्दर शिकायत–निवारण की व्यवस्था की जावें।
13. कैरियर काउन्सिलिंग सेल, प्लेसमेंन्ट सेल पाठ्यकम विकास समिति एवं महाविद्यालय परिसर विकास समिति पूर्ण पारदर्शिता के साथ अपने कार्य सुनिश्चित करे।

बैठक का समापन समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

# भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

## गंगापुर सिटी, जिला –सवाई माधोपुर, राजस्थान

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ

Internal Quality Assurance Cell, IQAC

**सत्र 2021–22**

दिनांक 29.06.2022 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक IQAC कक्ष में प्रातः 10 बजे आयोजित हुई।

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे–

| नाम | हस्ताक्षर |
| --- | --- |
| 1. डॉ. कृष्ण कान्त शर्मा | |
| 2. डॉ. अनुज कुमार शर्मा | |
| 3. श्री केशव लाल गुप्ता | |
| 4. श्री विजय राज त्रिवेदी | |
| 5. श्रीमति मनीषा श्रीवास्तव | |
| 6. सुश्री मोना मथुरिया | |
| 7. डॉ. अनिल कुमार शर्मा | |
| 8. श्री दिनेश कुमार सिंघल | |
| 9. डॉ. स्मिता भटनागर | |
| 10. श्री राकेश व्यास | |
| 11. श्री मोहित पाराशर | |

बैठक में सत्र 2021–22 में महाविद्यालय में किये गये ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया तथा उनकी समीक्षा भी की गई। समन्वयक श्री केशव लाल गुप्ता ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2021–22 का प्रारम्भ 09.12.2021 से हुआ तथा आईक्यूएसी एवं विभिन्न समितियों द्वारा शैक्षणिक तथा सहशैक्षणिक गतिविधियां प्रारम्भ की गई । दिनांक 11.08.2021 को महाविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। दिनांक 17.08.2021 से 18.08.2021 तक शैक्षणिक कर्मचारियों के प्रोफेशनल विकास हेतु Online mode using PPT विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। दिनांक 04.09.2021 से 06.09.2021 तक अशैक्षणिक कर्मचारियों के लिए व्यवसायिक अभिवृद्वि हेतु कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसका विषय ''पेपर लैस ऑफिस'' था सत्र के प्रारम्भ में दिनांक 06.07.2021 को पाठयकम विकास समिति का गठन किया गया तथा जिसके

कार्य निर्धारित किये गये यथा सूक्ष्म शिक्षण, अनुकरणीय शिक्षण, कन्टेंट मैपिंग आदि शिक्षण कौशलों के विकास हेतु निर्णय लिये गये।

दिनांक 10.07.2021 को शिक्षकों के लिए ऑरियटेशन कार्यक्रम रखा गया। दिनांक 09.12.2021 से 11.12.2021 तक नवीन प्रवेशार्थियों का इन्डक्शन कार्यक्रम कराया गया जिसमें सम्पूर्ण सत्र में होने वाली गतिविधियों की जानकारी, महाविद्यालय के अनुशासन सम्बंधी नियम, एन्टी रेगिंग, शिकायत–निवारण व्यवस्था आदि की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गयी तथा इसी कार्यक्रम में नवीन प्रवेशार्थियों के अन्दर छुपी हुई प्रतिभाओं को पहचाना गया ताकि उन्हे और ज्यादा निखारा जा सके। दिनांक 18.12.2021 को महाविद्यालय में 4 सदनों का निर्माण किया गया तथा अध्ययनरत छात्र–छात्राओं द्वारा सदन प्रभारी, सहप्रभारी एवं शिक्षक प्रभारी का चयन सर्वसम्मिति से किया गया।

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बेहतर सहायता के लिए मेन्टरिंग व्यवस्था में मेंन्टर्स नियुक्त किये गये एवं छात्रों को मेन्टीज के रूप में शपथ दिलाई गयी तथा उनके कार्य एवं जिम्मेदारिया निर्देशित की गयी। महाविद्यालय में नवीन प्रवेशित विधार्थियों का सूक्ष्म शिक्षण कार्यक्रम दिनांक 21.01.2022 से 09.02.2022 तक हुआ जिसमें प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पीयर फीडबैक दिया गया एवं पर्यवेक्षकों द्वारा ट्यूटोरियल अधिगम कराया गया। दिनांक 01.02.2022 को कार्यशाला आयोजित हुई जिसका विषय "सेमिनार पेपर एवं जर्नल लेख" था। दिनांक 10.02.2022 से 15.02.2022 तक अनुकरणीय शिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें छात्राध्यापकों में शिक्षण कौशलों का विकास किया गया तथा क्लास टीचिंग करना सिखाया गया।

दिनांक 13.01.2022 को सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 214 शिक्षक–छात्रों ने भाग लिया इसी प्रकार दिनांक 25.01.2022 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। दिनांक 08.02.2022 को बुक रीडिंग कार्यक्रम किया गया जिसमें छात्रों के छोटे समूह बनाकर 4 सत्र आयोजित हुए जिनमें पुस्तक का अध्ययन करते समय ध्यान रखने योग्य बातों पर चर्चा हुई। दिनांक 08.03.2022 से 09.03.2022 तक आई.सी.टी. कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय प्रभावी सम्प्रेषण था। दिनांक 21.03.2022 से 23.03.2022 तक महाविद्यालय अन्तरसदनीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं ऑपन एयर सेशन का आयोजन हुआ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं सदनानुसार सम्पन्न करायी गयी दिनांक 18.02.2022 से 06.03.2022 तक कैरियर काउन्सिलिंग सेल में परामर्श कैम्प लगाया गया जिसमें व्यक्तिगत एवं लघु समूह के रूप में 45 शिक्षक एवं 137 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लेकर लाभ उठाया। महाविद्यालय की अकादमिक काउन्सिलिंग सेल में छात्र–छात्राओं की पर्सनल काउन्सिलिंग भी की जाती है। महाविद्यालय सांस्कृतिक सप्ताह मनाया गया जिसमें 11.04.2022 से 13.04.2022 तक विभिन्न एकल एवं सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिनांक 07.04.2022 को नयी शिक्षा नीति 2020 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इसी प्रकार युवा साक्षरता कैम्प 21.0.2022 को पडौसी गांव हिंगोट्या में लगाया गया। दिनांक 26.04.2022 को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम करवाया गया जिसमें महाविद्यालय के 248 शिक्षक–छात्रों ने भाग लिया।

महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त ऑफलाइन/ऑनलाइन सेल्फ स्टडी के लिए प्रेरित किया जाता है जिसके परिणाम स्वरूप सत्र 2021–22 में महाविद्यालय के 29 प्रशिक्षणार्थियों ने RS_CIT कोर्स पूरा करके प्रमाण पत्र प्राप्त किये। महाविद्यालय द्वारा शिक्षकों को अनुसंधान कार्य के लिए

अकादमिक अवकाश दे कर सपोर्ट किया जाता है। महाविद्यालय में स्कूल इन्टर्नशिप में जाने से पहले प्रशिक्षणार्थियों को बेस्ट प्रक्टिस टीचिंग का अभ्यास करने का अवसर प्रदान किया गया जिसमें स्मार्ट क्लास का उपयोग शिक्षण कौशलो के विकास हेतु किया गया तथा इन्टर्नशिप की गतिविधियों एवं डायरियों के लिए एक दिवसीय छात्र ऑरियटेशन कार्यक्रम रखा गया।

महाविद्यालय में एल्युमिनाई समिति बनी हुई है जिसकी सत्र 2021–22 में दिनांक 17.01.2022 को एल्युमिनाई बैठक हुई जिसमें कुल रजिस्टर्ड 56 पूर्व छात्रों में से 44 पूर्वछात्र सम्मिलित हुए और अपने अनुभव साझा किये तथा महाविद्यालय के विकास हेतु सुझाव दिये। महाविद्यालय की Redressal – grievance cell द्वारा अपने कार्य एवं उद्देश्यों की सम्पूर्ण जानकारी सत्र के प्रारम्भ में इन्डक्शन कार्यक्रम में दे दी जाती है। Redressal – grievance cell शिकायतों का निवारण 7 कार्य दिवस के अन्दर कर देती है। संस्था में कार्यरत प्लेसमेंन्ट सेल छात्र–छात्राओं को व्यवसायिक निर्देशन प्रदान करती है जिससे प्रशिक्षणार्थी हायर एज्यूकेशन एवं जॉब के प्रति लाभान्वित होते है तथा NET ,CTET, REET, जैसे राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय शिक्षक–योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करते है। महाविद्यालय के एकेडमिक विभाग द्वारा दिनांक 01.04.2022 से 09.05.2022 तक स्लो लर्नर के लिए रेमेडियल क्लासेज रखी गयी जिसमें विषय अध्यापको द्वारा उपचारात्मक शिक्षण करवाकर 130 स्लो लर्नर्स को सामान्य छात्रों के समकक्ष लाया गया।

महाविद्यालय में आंतरिक मूल्यांकन के अंक कम्प्यूटर में संधारित किये जाते है तथा विश्वविद्यालयी परीक्षा परिणाम महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। महाविद्यालय में शिक्षक एवं छात्रों की बायोमैट्रिक उपस्थिति होती है। महाविद्यालय ICT स्किल डवलपमेंट के लिए प्रयासरत है जिसमें सम्पूर्ण एकादमिक सत्र में ICT स्किल डवलपमेंट के प्रयास किये जाते है इसके लिए कम्प्यूटर लैब, भाषा प्रयोगशाला, ICT प्रयोगशला, स्मार्ट क्लास का उपयोग सम्पूर्ण सत्र करवाया जाता है।

महाविद्यालय ग्रीन इनीशिएटिव में वृक्षा रोपण, वाटर हार्वेस्टिग, व्यर्थ पानी का सद्उपयोग, प्लास्टिक मुक्त कैम्पस आदि कदम उठा रहा है इसी प्रकार वैस्ट मैनेजमेंन्ट के लिए कचरे को विभिन्न प्रकारों के कचरा दान में एकत्रित करके उसे रिसाइक्लिंग सेन्टर पर पहुचाता हैं तथा कॉलेज परिसर में ऑर्गेनिक खाद का निर्माण करवाता है।

आईक्यूएसी द्वारा बैठक में निर्णय लिया कि ग्रीन एनर्जी एनिशिएटिव के लिए महाविद्यालय परिसर में आवश्यकता अनुसार क्षमता का सौलर सिस्टम लगाया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा पुस्तकालय भवन, वाचनालय एवं प्रार्थना सभा स्थल का क्षेत्र विस्तार कर उचित सुविधाओं से परिपूर्ण भवन निर्माण करावाना सुनिश्चित किया जाये।

IQAC समिति के द्वारा समस्त समितियों से उनके कार्य की रिपोर्ट प्राप्त करके महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन तैयार कर लिया है, जो अवलोकन के लिए उपलब्ध है। इस प्रतिवेदन को प्राचार्य को सुपुर्द किया जाना है जिससे शिक्षा समिति को भेजा जा सके।

बैठक का समापन समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

# BAGWATI SHIKSHAK PRASHIKSHAN MAHAVIDYALAYA

## GANGAPUR CITY, DIST. SAWAI MADHOPUR

### Plan of Action Chalked out by IQAC for the year 2021-22

| Plan of Action | Achievements |
|---|---|
| Induction Programme for newly admitted students to be conducted to provide information about the institution and activities being organized | Induction Programme organized. |
| To develop ICT skill a workshop to be arranged for newly admitted student teachers. They may learn about the proper utilization and techniques to use latest audio-visual aids. | Organized successfully |
| House tournament be organized through four houses during the session | House Tournament organized Successfully in the month of March and cultural activities conducted in the month of April |
| To inculcate social responsibility in student teachers socially useful welfare programmes like rallies, camps, guest lectures be planned to be organized | Rallies, camps and guest lectures organized successfully. |
| Motivation be given to the faculty members to participate in seminars and student teachers to actively participate in all co-curricular, social activities organized by the institution | Faculty members participated in seminars and student teachers actively participated in co-curricular activities through their respective houses and in social activities organized by the institution. |
| Remedial classes for identified slow learners to be organized. Student teachers of the institution be extended facility of coaching for Rajasthan Eligibility Examination for Teachers (REET), II grade teachers (School lecturer) entrance exam. | Organized remedial classes successfully. **Coaching classes successfully run by the faculty members and several students qualified in REET exam and students got selected in II grade exam** |
| Plantation Programme to be organized inthe nearby village | Plantation Programme organized. |
| Medical camp for the student teachers be arranged for general check -up. | Organized successfully. Blood Pressure, height and weight was checked up. |
| Professional Development workshop be organized for teaching and non-teaching staff | Workshop organized successfully |
| Mentoring system should be established for better support of students | Mentoring system is implemented |
| Career Counselling committee should be operated for better counselling to students. | Career counselling committee is in working |
| Alumini Association should be established for college development and students personality development | Alumini association meet 1 in session |

(Dr. Krishna Kant Sharma (Dr. Anuj Kumar Sharm (Mr. Vijay Raj Trivedi) (Mr.Keshav Lal Gupta)

(Ms. Mona Mathuria) (Mrs. Manisha Srivastav) (Dr. Anil Kumar Sharma) (Mr. Dinesh Singhal)

Smita

(Dr. Smita Bhatnagar ) (Mr. Rakesh Vyas ) (Mr. Lokesh Kumar Sharma )